अमृत महोत्सव अन्तर्गत राज्यस्तरीय निबंध प्रतियोगिता

प्रतिवेदन

डॉ. मोहन यादव माननीय उच्च शिक्षा मंत्री म.प्र. शासन के मुख्य अतिथ्य में स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 3 फरवरी 2023 को सागर में राज्य स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के समापन सत्र का आयोजन श्री पद्माकर सभागार, मोतीनगर में दोपहर 01 बजे से किया गया था । उससे पूर्व राज्य स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में किया गया।

संदर्भित पत्र के परिपालन में अमृत महोत्सव अन्तर्गत संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं (निबंध एवं चित्रकला) के प्रथम विजेता प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता (दिनांक 3 फरवरी 2023) में सम्मिलित कराने हेतु श्रीमती प्रीति वैश्य (संयोजक- सांस्कृतिक समिति) विजेता प्रतिभागियों के साथ सागर पहुंची । दीपिका सिंह चौहान(B.A. II), शासकीय महाविद्यालय वेंकटनगर ने चित्रकला तथा विजयलक्ष्मी सिंह(B.A. I), शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर ने निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की । तत्पश्चात आजादी का अमृत महोत्सव के राज्य स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के समापन सत्र समारोह में शहडोल संभाग का प्रतिनिधित्व किया।

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में राज्य स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राज्य स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के समापन समारोह (श्री पद्माकर सभागार) में विशिष्ट अतिथि से उपहार प्राप्त करते हुए विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार एवं दीपिका सिंह चौहान

आजादी का अमृत महोत्सव के राज्य स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के समापन के पश्चात डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू ग्रंथालय अवलोकन के कुछ छायाचित्र

<u>प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता -</u>

श्रीमती प्रीति वैश्य

(संयोजक- सांस्कृतिक समिति)